# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## विश्वविद्यालय–परिसर प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2025–2026

### कार्यालयीय–ज्ञाप (प्रवेश तिथि–वृद्धि)

पूर्व निर्गत कार्यालयीय–ज्ञाप छा0क0सं0 पत्रांक– 1281/2025 दिनांक – 23.06.2025 के क्रम में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित शास्त्री प्रथम समेस्टर में प्रवेश के द्वितीय चरण हेतु तिथि वृद्धि की जाती है। प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक निर्देश विश्वविद्यालय के वेबसाइट**www.ssvv.ac.in(Admission→CampusAdmissionPortal-2025-26→htts://ssvvadm.samarth.edu.in→New Registration)** पर उपलब्ध है। प्रवेशावेदनपत्र भरने के पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। साथ ही यह भी सूच्य है कि जो छात्र छात्रावास में रहने के इच्छुक हैं, वे छात्रावास का विकल्प अवश्य चयन कर लें। प्रवेश हेतु ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा करें। शास्त्री प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश–प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने के बाद वरीयता क्रम (मेरिट लिस्ट) के माध्यम से पूर्ण किया जायेगा।

**शास्त्री प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि 26.07.2025 से 20.08.2025 तक तिथि वृद्धि की जाती है।**

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर लें तथा अपना प्रवेशावेदनपत्र डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें। जिन्हें यथास्थान अपेक्षित अभिभावक/संरक्षक इत्यादि का हस्ताक्षर कराकर काउन्सिलिंग के समय उपस्थित होना अनिवार्य है। इसी के साथ यह भी अवगत कराना है कि जिन छात्रों ने पूर्व में फार्म पूरित किया है और प्राप्तांक/पूर्णांक गलत अंकित कर दिया है ऐसे छात्रों को सूचना दी जाती है कि वे अपने लागिन आई0डी0 से फार्म को खोलकर करेक्शन बाक्स (correction window) में जाकर अपना प्राप्तांक/पूर्णांक का संशोधन निर्धारित तिथि तक अवश्य कर लें। इसके अतिरिक्त उनके नाम, पितानाम, मातानाम, मेल आई0डी0, मोबाईल नं0, पता इत्यादि में भी सुधार अपेक्षित हो तो वे कर सकते है।

नोट 1 – प्रवेश पंजीकरण हेतु शुल्क रू0 200/–

2 – काउन्सिलिंग की तिथि पृथक ज्ञाप द्वारा घोषित की जायेगी।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0 पत्रांक– 1329/2025 दिनांक – 25.07.2025
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5– संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना आदेश को वेबसाईट पर यथास्थान डालने और प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
7– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
8– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी